| 1 | Total Income | 588.19 | 560.01 | 243.91 | 1,635.06 |
| 2 | Net profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | (388.34) | (486.70) | (258.15) | (1359.20) |
| 3 | Net profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | (388.34) | (486.70) | (258.15) | (1359.20) |
| 4 | Net profit /(loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | (395.70) | (483.02) | (255.53) | (1346.36) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period {Comprising profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)} | (395.34) | (480.09) | (255.53) | (1335.87) |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value of Rs.10/- each) | 3577.96 | 3199.17 | 3198.99 | 3199.17 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves as per Balance Sheet of previous accounting year ) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | (538.36) |
| 8 | Earnings per share (EPS)-before and after extraordinary items (not annualized) Basic (Rs.) | -1.20 | -1.45 | -0.80 | -4.21 |

**Notes :**

1 The Financial Results of the quarter ended June 30, 2026 were reviewed and recommended by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at its meeting held on July 17, 2026. The statutory auditors of the Company conducted the Limited Review of the financial Results for the quarter ended June 30, 2026.

2 Previous year's figures are re-grouped, re-arranged, re-classified wherever necessary.

3 The above is an extract of the detailed format of the Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website www.bseindia.com and Company's website https://mantracapital.in/. The same can be accessed by the QR Code provided below.

**On behalf of the Board of Directors**
**FOR MANTRA CAPITAL LIMITED**
**(Formerly known as Savani Financials Limited)**
**Sd/-**
**Deepa Tracy**
**Managing Director**
**DIN:- 00516615**

**Place - Mumbai**
**Date: July 17, 2026**

## TERRAFORM MAGNUM LIMITED

Regd. Office: Godrej Coliseum, A- Wing 1301, 13th Floor, Behind Everard Nagar, Off Eastern Express Highway, Sion (East), Mumbai 400 022. T: + 91 (22) 62704900. CIN : L65990MH1982PLC040684
Web: www.terraformmagnum.com; E-mail: secretarial@terraformrealty.com

**Extract of Unaudited Financial Result for the Quarter Ended 30th June, 2026**

**(Rs. in Lakhs except EPS)**

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 30-06-2026 Unaudited | Quarter Ended 31-03-2026 Audited | Quarter Ended 30-06-2025 Unaudited | Year Ended 31-03-2026 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | (1.89) | 9.58 | (2.88) | 4.16 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (1.89) | 9.58 | (2.88) | 4.16 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (1.89) | 9.58 | (2.88) | 4.16 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.89) | 9.58 | (2.88) | 4.16 |
| 6 | Equity Share Capital | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | Other Equity excluding Revaluation Reserve (as shown in the Balance Sheet of previous year) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | (1,850.63) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinuing operations) (not annualised) Basic / Diluted EPS | (0.79) | 3.99 | (1.20) | 1.73 |

**Notes :**
1. The above Unaudited Financial results for the quarter ended 30th June 2026 are reviewed, recommended and approved by the Board of Directors of the Company in their respective meeting held on 16th July 2026 and are subjected to a "Limited Review Report" by the Statutory Auditor.
2. The results of the Company are available on the Company's website www.terraformmagnum.com and also available on BSE Ltd. respectively.
3. The Company has entered into a Deed of Assignment dated 26th April 2019 for the assignment of its rights in the property held as stock in trade at Kandivali (East) for an agreed consideration. The Company has also Impleaded as a party to ongoing Litigation before the Hon' ble Bombay High Court concerning title and ownership rights in the respect of the aforesaid property. Further the assignee has allegedly committed various defaults/ non-fulfilment of contractual obligation under the said agreement, pursuant to which the company has issued notices calling upon the assignee to comply with the terms of the agreement and clear the outstanding dues. In view of the continuing disputes, litigations and significant uncertanities realting to completion and enforceability of the aforesaid transaction, the company has deferred recognition of revenue under Indian Accounting Standard Ind AS 115 and shall recognise the same upon fulfilment of the relevant performance obligations and resolution of the aforesaid uncertanities/ disputes.
4. The Financial Results for the Quarter ended 30th June,2026 have been prepared on the going concern basis based upon the estimated future cash flow projections, business prospect and on the basis of internal assessment, though the net worth of the Company Continous to be negative.
5. The above statements has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
6. The figures of previous periods are regrouped / rearranged wherever considered necessary to correspond with the current period presentation.
7. The figures in ` Lakhs are rounded off to two decimals.

**For and on behalf of the Board of DIrectors of**
**Terraform Magnum Limited**
**Uday Mota (Managing Director : DIN - 08635338)**

**Place : Mumbai**
**Date : 16th July, 2026**

## 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची
### ग्रामीणों ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**गोगुंदा (पुकार)।** उदयपुर-गोगुंदा हाईवे पर मदारडा के समीप शुक्रवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार हिम्मत मेघवाल निवासी रावलिया खुर्द गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बावजूद मौके पर 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। ऐसे में आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को निजी वाहन से तत्काल गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया।

गोगुंदा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मौके पर मौजूद महेंद्र सिंह राजपूत ने गोगुंदा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार अज्ञात वाहन एवं चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## गोगुंदा में सीएलजी बैठक सम्पन्न, चोरी रोकने, रात्रि गश्त बढ़ाने व यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर

**गोगुंदा (पुकार)।** थाना परिसर में शुक्रवार को थानाधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीएलजी सदस्यों ने थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। साथ ही सूरजगढ़ चौकी पर पुलिस स्टाफ बढ़ाने, गोगुंदा बाईपास चौराहे पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने, निर्धारित समय पर शराब के ठेकों को बंद कराने तथा छाली गांव में पकड़े गए चोरी के आरोपियों से गहन पूछताछ कर चोरी की अन्य वारदातों का खुलासा करने की मांग रखी। इसके अलावा सदस्यों ने नाबालिग एवं बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले युवकों तथा बाइक से स्टंट कर आमजन की सुरक्षा को खतरे में डालने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर चालान एवं सख्त कार्रवाई करने का सुझाव दिया।


बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, बाजार क्षेत्र में पुलिस की नियमित निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी चर्चा हुई।

## 4 घंटे की नाकाबंदी में जांचे 7,257 वाहन, 9 वांछित गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर रेंज में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा पुख्ता करने के लिए एक विशेष महा-अभियान चलाया गया। रेंज के सभी जिलों में गुरूवार को शाम 7 बजे से रात 11बजे तक एक साथ व्यापक स्तर पर नाकाबंदी की गई। इस 4 घंटे के अभियान के दौरान कुल 104 स्थानों पर नाकाबंदी कर 7,257 वाहनों की सघन जांच की गई।पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 09 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त आर्म्स एक्ट में 02, आबकारी अधिनियम में 08 और एनडीपीएस एक्ट के तहत 01 गंभीर प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही, 170 बीएनएस के तहत 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।सड़क सुरक्षा के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए एमवी एक्ट में कुल 1,336 चालान काटे गए। इनमें सर्वाधिक कार्रवाई बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले 325 वाहनों और काली फिल्म लगाने वाले 233 चालकों पर हुई। इसके अलावा ड्रिंक एंड ड्राइव के 68, बिना हेलमेट के 221 और बिना सीट बेल्ट के 114 मामले दर्ज किए गए।

43 दिन, 1160 किमी का पैदल सफर

## उदयपुर के चार दोस्तों ने केदारनाथ पहुंच फहराई एकलिंगनाथ जी की ध्वजा




**उदयपुर (पुकार)।** दृढ़ संकल्प, अटूट आस्था और हिम्मत की मिसाल पेश करते हुए उदयपुर के चार युवाओं ने 43 दिनों में करीब 1160 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। भूपेंद्र रावल, आकाश चौधरी, चीनू दाहिमा और संजय साहू ने 3 जून को उदयपुर से यात्रा शुरू की थी और 16 जुलाई को केदारनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए।यात्रा के दौरान चारों युवाओं ने राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का सामना किया। राजस्थान और हरियाणा की भीषण गर्मी, लू के थपेड़े, वहीं उत्तराखंड की लगातार बारिश, बर्फीली ठंड, खड़ी चढ़ाई और फिसलन भरे रास्तों के बावजूद उनका हौसला डगमगाया नहीं। महादेव के प्रति अटूट श्रद्धा ने उन्हें हर चुनौती पार करने की शक्ति दी।केदारनाथ मंदिर पहुंचने पर चारों युवाओं ने मेवाड़ के आराध्य भगवान श्री एकलिंगनाथ जी महाराज की पवित्र ध्वजा मंदिर परिसर में फहराई और संपूर्ण मेवाड़ व राजस्थान की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, शांति और खुशहाली की कामना की। उनका कहना था कि यह यात्रा केवल व्यक्तिगत आस्था का नहीं, बल्कि मेवाड़ की धार्मिक परंपरा और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाला संकल्प था।यात्रा पूरी होने पर युवाओं ने भगवान शिव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा केदार की कृपा और रास्ते में मिले लोगों के सहयोग से ही यह कठिन सफर संभव हो सका। उदयपुर के इन चार दोस्तों की यह पैदल यात्रा अब पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है और युवाओं के लिए आस्था, मित्रता, संकल्प और साहस की प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

## आज 7 घंटे बिजली बंद

**उदयपुर (पुकार)।** शहर में शनिवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते सात घंटे का बिजली कट रहेगा। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) की ओर से निर्धारित रखरखाव कार्य के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।बिजली निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि निर्धारित मेंटेनेंस के कारण सुंदरवास, यूनिवर्सिटी कैंपस क्वार्टर, दुर्गा नर्सरी, धाबाई जी की बाड़ी, शिव पार्क कॉलोनी, शिवम् रेजीडेंसी, विनायक कॉम्प्लेक्स और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## धार स्कूल में 2 करोड़ के विकास कार्यका शुभारंभ

**उदयपुर (पुकार)।** आदिवासी बहुल क्षेत्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धार में लेक्रोज खेल की उपलब्धियां यश, सम्मान, आत्मविश्वास और समाज सुधार की दिशा में मील का पत्थर बनने के साथ ही विद्यालय में विकास का माध्यम भी बनी है।

लैक्रोज खेल को बढ़ावा देने में अग्रणी संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की प्रेरणा से एचडीएफसी बैंक की सीएसआर योजना के तहत विद्यालय में 2 करोड़ के विकास कार्य प्रारंभ हुए। इस फंड से विद्यालय कक्ष, छात्र-छात्राओं के अलग-अलग टायलेट, प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी, खेल मैदान आदि कार्य करवाए जाएंगे। प्रधानाचार्य भावना गुर्जर, धार के पूर्व सरपंच शांतिलाल गमेती, समाज सेवी कमलेश पालीवाल, हिम्मत सिंह, एचडीएफसी प्रतिनिधि अखिलेश, स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता डाली गमेती, यशोदा गमेती, नारायण लाल गमेती पूर्व छात्र मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती, दयाशंकर गमेती, अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट की पदक विजेता भगवती गमेती, प्रशिक्षक नीरज बत्रा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अमरनाथ से लौट रहे राजस्थान के यात्रियों की बस जम्मू में जलकर राख, सभी 47 यात्री सुरक्षित





**उदयपुर (पुकार)।** बाबा बर्फानी के दर्शन कर अमरनाथ यात्रा से वापस लौट रहे राजस्थान के श्रद्धालुओं की एक बस जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के करोल इलाके में भीषण आग की चपेट में आ गई। टायर फटने के कारण अचानक बस के फ्यूल टैंक ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरी बस धू-धू कर जल उठी। गनीमत यह रही कि समय रहते बस में सवार सभी 47 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।हादसे का शिकार हुए सभी यात्री राजस्थान के नवगठित सलूंबर जिले के सराड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ढाकड़ा गांव के निवासी हैं। ये श्रद्धालु दो बसों में सवार होकर 9 जुलाई को सलूंबर से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए थे। इनमें से एक मुख्य बस थी और दूसरी 16 सीटर छोटी बस थी, जो घटना के वक्त ठीक पीछे चल रही थी।पीछे चल रही बस में सवार यात्री देवीलाल डांगी ने बताया कि बुधवार शाम को अमरनाथ के दर्शन करने के बाद वे वापस लौट रहे थे। गुरुवार शाम करीब पौने चार बजे जब वे रामबन जिले में थे, तभी ट्रैफिक रुकने पर अन्य गाड़ी वालों को आग लगने का आभास हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बस ड्राइवर को दी। इसके बाद पीछे चल रही गाड़ियों के लोगों और स्थानीय नागरिकों की मदद से यात्रियों को तेजी से बस से नीचे उतारा गया।

**सामान, नकदी और मोबाइल जले, प्रशासन ने संभाली व्यवस्था**

यात्री देवीलाल ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि यात्रियों को संभलने का मौका नहीं मिला, जिससे बस में रखा उनका सामान, कपड़े, नकदी और मोबाइल फोन पूरी तरह जलकर राख हो गए.। हालांकि, भगवान की कृपा से सभी की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, फायर टेंडर और सीआरपीएफ 84 बटालियन के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। सीआरपीएफ कमांडेंट विजय सिंह खटाना ने सभी यात्रियों के सुरक्षित होने की पुष्टि की। प्रशासन ने रात को ही सभी यात्रियों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था की और रात करीब साढ़े दस बजे उन्हें जम्मू के लिए रवाना किया, जहाँ यात्री रात को रुके।

**उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की समीक्षा**

इस हादसे पर संज्ञान लेते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश् पर पोस्ट कर दुख जताया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के तीर्थयात्रियों की बस करोल में टायर फटने के कारण आग की चपेट में आ गई थी। उन्होंने स्थिति को लेकर रामबन के डिप्टी कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित यात्रियों को तुरंत हर संभव सहायता प्रदान की जाए तथा उनके राजस्थान सुरक्षित लौटने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## लेकसिटी में मानसून की रफ्तार धीमी, 7 दिन में 2.4 डिग्री बढ़ा पारा, उमस और गर्मी से लोग बेहाल

**उदयपुर (पुकार)।** झीलों की नगरी में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। लगातार शुष्क चल रहे मौसम के कारण पिछले सात दिनों में शहर का अधिकतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। शुक्रवार को भी बारिश नहीं होने से तेज उमस और गर्मी ने शहरवासियों की परेशानी बढ़ा दी। दिनभर तेज धूप और शाम के समय बादलों की आवाजाही के बावजूद बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप खिली रही, जिससे दोपहर में गर्मी और उमस का असर तीखा हो गया। शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच आसमान में घने बादल छाने से बारिश की उम्मीद जरूर जगी, लेकिन देर शाम तक एक बूंद भी पानी नहीं बरसा। हालांकि मौसम विभाग ने दिन में बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन पूरा दिन सूखा ही बीत गया।तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले एक सप्ताह में दिन और रात दोनों के पारे में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शहर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर गुरुवार को 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 24 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तापमान वृद्धि के कारण हवा में उमस का असर और अधिक महसूस किया जा रहा है।

**अगले तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम :** मौसम विशेषज्ञ डॉ. आर.एस. देवड़ा के अनुसार, उदयपुर (मेवाड़) सहित पूरे दक्षिणी राजस्थान में अगले तीन दिनों तक मौसम में किसी विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकांश समय मौसम शुष्क रहेगा और हल्के बादलों की आवाजाही के साथ धूप का सिलसिला बना रहेगा।राहत की बात यह है कि बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने के बाद क्षेत्र में जल्द ही फिर से वर्षा गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि यदि खाड़ी से आने वाली नमी का प्रवाह मजबूत होता है, तो आने वाले दिनों में मानसून क्षेत्र में दोबारा सक्रिय हो सकता है और झमाझम बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है।

## अवैध पिस्टल के साथ आदतन अपराधी ढोकला गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** शहर की धानमंडी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए शहर के एक शातिर और आदतन अपराधी को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।थानाधिकारी गजवीर सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत आरोपी रोहित सिंह उर्फ ढोकला पिता गजेंद्र सिंह निवासी गणेश कॉलोनी, रावजी का हाटा थाना घंटाघर को दबोचा गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी रोहित सिंह उर्फ ढोकला उदयपुर शहर का एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, गंभीर मारपीट और जुआ एक्ट के तहत कुल 13 आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं।

## हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, देरी से पहुंची एंबुलेंस, कराहता रहा घायल



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर-गोगुंदा हाईवे पर शुक्रवार दोपहर मदारड़ा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और युवक उछलकर सड़क किनारे जा गिरा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।घायल की पहचान रावलिया खुर्द निवासी हिम्मत मेघवाल के रूप में हुई है। वह गोगुंदा से उदयपुर की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई और काफी खून बहने लगा। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। घायल युवक की हालत बिगड़ती देख ग्रामीणों ने इंसानियत का परिचय देते हुए निजी वाहन की व्यवस्था की और उसे तत्काल गोगुंदा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही गोगुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का मुआयना किया और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से फरार वाहन की तलाश कर रही है। इधर, मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन कई देर तक एंबुलेंस नहीं आई। इसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

# तीन दिन में दूसरा वीडियो वायरल, युवक को पेड़ से लटकाकर बेरहमी से पीटा, आरोपियों की तलाश



**उदयपुर (पुकार)।** जिले के सायरा थाना क्षेत्र के कमोल गांव में अमानवीयता और क्रूरता का एक और खौफनाक मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक युवक को पेड़ पर लटकाकर बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने वायरल फुटेज के आधार पर मामले की सघन जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ ग्रामीण मिलकर एक युवक को रस्सी के सहारे पेड़ पर ऊपर की ओर लटका रहे हैं और उसके साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। इस दौरान अमानवीयता की हदें पार करते हुए आरोपी युवक के चेहरे पर बार-बार पानी फेंकते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मुख्य आरोपी आसपास खड़े अन्य ग्रामीणों को चेतावनी दे रहे हैं कि कोई भी इस घटना का मोबाइल से वीडियो न बनाए और न ही इसे सोशल मीडिया पर वायरल करे। यह घटना सटीक रूप से किस तारीख की है और पीड़ित युवक कौन है, इसका फिलहाल पूरी तरह पता नहीं चल पाया है।

**तीन दिन पहले भी आया था ऐसा ही मामला, 8 पंच हुए थे गिरफ्तार :** चौंकाने वाली बात यह है कि कमोल गांव में ही ठीक तीन दिन पहले भी बिल्कुल ऐसा ही एक और मामला सामने आया था। उस घटना में, गांव में शराबबंदी का उल्लंघन करने पर समाज के प्रमुख पंचों ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए एक युवक का पैर रस्सी से बांधकर उसे बरगद के पेड़ से उल्टा लटका दिया था और जमकर मारपीट की थी। साथ ही पीड़ित पर 11 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना भी ठोका गया था। वह घटना 12 मई 2026 की थी, जिसका वीडियो 14 जुलाई को वायरल हुआ था। उस मामले में पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था और कार्रवाई करते हुए घटना के एक दिन पूर्व ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**पीड़ित और आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस टीमें**

मामले की गंभीरता को देखते हुए सायरा थाना पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस को इस नए वीडियो की जानकारी मिली है। पुलिस की टीमें सबसे पहले पीड़ित युवक का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं ताकि उसका मेडिकल करवाकर बयान दर्ज किए जा सकें। इसके साथ ही वीडियो में दिखाई दे रहे क्रूर आरोपियों की पहचान के लिए स्थानीय मुखबिरों की मदद ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान होते ही उनके खिलाफ कानून के तहत बेहद सख्त दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल अपवर्तन खण्ड, उदयपुर

Construction of Dewas-III & IV Dams Additional Water for UWSS Udaipur परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले उदयपुर जिले की तहसील गोगुन्दा के कुल 07 ग्रामों के प्रभावित परिवारों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत तैयार किये गए पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्लान (R&R Plan) का कार्यालय संभागीय आयुक्त, उदयपुर के पत्रांक F/ ( 10 ) (53) / Rev / Devas-UDR/2026/EF 01255/1647-52 दिनांक 15.06.2026 द्वारा धारा 17 (2) के अंतर्गत अनुमोदन कर दिया गया है।

उक्त अनुमोदित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन ( R&R) प्लान / स्कीम की विस्तृत प्रति हितकारी / प्रभावित होने वाले भूमिधारको के सूचनार्थ नीचे नियमानुसार क्यू आर कोड (QR Code) के माध्यम से प्रकाशित की जा रही है।

**अधिशाषी अभियन्ता**
मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल
अपवर्तन खण्ड, उदयपुर

DIPR/C/12621/2026

# एफआईआर के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन, आईजी कार्यालय का घेराव



**उदयपुर (पुकार)।** अधिवक्ता राजेंद्र सिंह राणावत के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में शुक्रवार को उदयपुर बार एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता आईजी कार्यालय पहुंचे और खेरोदा थाना अधिकारी के खिलाफ शिकायत प्रस्तुत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर कहा कि अधिवक्ता राजेंद्र सिंह राणावत के विरुद्ध दर्ज एफआईआर से अधिवक्ता समुदाय में भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि मामले में निष्पक्षता बरती जानी चाहिए तथा तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि हाल के समय में कई थानों में अधिवक्ताओं के साथ पुलिस का व्यवहार संतोषजनक नहीं है, जिससे वकीलों में असंतोष बढ़ रहा है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए और विवादित मामलों की निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कार्रवाई की जाए।

## शिखर मंदिर निर्माण के लिए 31.28 लाख से अधिक की घोषणाएं, 210 प्रतिभाएं सम्मानित





**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ा प्रजापत समाज सेवा संस्थान कैलाशपुरी, उदयपुर की ओर से आयोजित वार्षिक ध्वजा महोत्सव एवं 39वां प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को मां श्रीयादे मंदिर प्रांगण में अत्यंत भव्यता, हर्षोल्लास और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से 2000 से अधिक समाजजनों ने भाग लिया।महोत्सव के दौरान मां श्रीयादे के दरबार में ध्वजा चढ़ाने और महाआरती की रस्म के लिए समाजजनों में भारी उत्साह देखा गया। ध्वजा की सर्वोच्च बोली 55,555 विष्णु लोकेश (पिता मांगीलाल बेदला) के नाम रही, जबकि मुख्य महाआरती का सौभाग्य 16,000 की बोली लगाकर प्रेमशंकर पलाना कलां ने प्राप्त किया। इस धार्मिक उत्सव में संपूर्ण भोजन व्यवस्था भंवर साइफन ने 1,00,000 की सहयोग राशि देकर की गई। वहीं मंदिर परिसर के रंग-रोगन के लिए शंकर पेंटर ने 25,000 की राशि का विशेष योगदान दिया।

**होनहार छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान:** समारोह के दूसरे मुख्य चरण में समाज की शैक्षणिक प्रतिभाओं को निखारने और प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके लिए विष्णु सुंदरवास ने 35,000 का आर्थिक अनुदान दिया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 210 से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, राधाभाई जीवाजी प्रजापत संस्था की ओर से बंशीलाल कुमार द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई।समारोह की अध्यक्षता बंशीलाल कुमार बेदला ने की, जबकि मंच संचालन समाज के महामंत्री रामलाल और युवा अध्यक्ष धीरज प्रजापत ने संयुक्त रूप से किया। इस गरिमामयी अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत ने मां श्रीयादे के भव्य शिखर मंदिर निर्माण की आधिकारिक घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही समाज के भामाशाहों और समाजसेवियों ने मंदिर निर्माण हेतु कुल 31,28,100 (लगभग 31.28 लाख रुपये) की स्वैच्छिक घोषणाएं कीं।

## PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED

CIN – L25207RJ1992PLC006576
Regd. Office: Kodiyat Road, Village: Sisarma, Udaipur (Rajasthan) -313 031
E-mail: info@italica.com Website: www. italica.com Phone: 0294-2432272

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON JUNE 30, 2026
(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended 30.06.2026 (unaudited) | Quarter ended 31.03.2026 (Audited) | Quarter ended 30.06.2026 (unaudited) | Year ended on 31.03.2026 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 1675.46 | 2696.66 | 2404.35 | 10870.35 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 25.16 | 150.38 | 206.57 | 605.47 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 25.16 | 150.38 | 206.57 | 605.47 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 18.83 | 107.98 | 154.52 | 449.36 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 18.83 | 107.98 | 154.52 | 449.36 |
| Equity Share Capital | 2350.00 | 2350.00 | 2350.00 | 2350.00 |
| Earnings Per Share (of Re. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| Basic | 0.01 | 0.04 | 0.07 | 0.19 |
| Diluted | 0.01 | 0.04 | 0.07 | 0.19 |

**Note:**
1. The above financial results for the quarter ended June 30, 2026 were reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 17.07.2026. The Statutory Auditors have carried out limited review of the financials for the quarter ended June 30, 2026 as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulation,2015.
2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30.06.2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results is available on the website of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and also on the Company's website i.e. www.italica.com.

Date : 17.07.2026
Place : Udaipur

**For PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**
sd/-
(DAUD ALI)
Managing Director
(DIN: 00185336)